संजय मेधावी
कुलसचिव
Sanjay Medhavi
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)
Lucknow-226007 (U.P.) India

Ref ..............................

Date..............................

संशोधित पत्र

सेवा में,

1. समस्त कार्य परिषद् के माननीय सदस्यगण
2. समस्त विद्या परिषद् के माननीय सदस्यगण
3. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक
   लखनऊ विश्वविद्यालय,
   लखनऊ।

विषय–दिनांक 21 जनवरी, 2023 को आयोजित 65वें दीक्षान्त समारोह के आमंत्रण एवं परिधान के पूर्वाभ्यास के संबंध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि उपर्युक्त विषयक कार्यालय पत्र संख्या–जीए–1407–09 दिनांक 18.01.2023 को अवक्रमित करते हुए संशोधित पत्र जारी किया जा रहा है।

उपर्युक्त विषय में आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का 65वें दीक्षान्त समारोह दिनांक 21 जनवरी, 2023 को अपरान्ह 10:30 बजे से जानकीपुरम, सीतापुर रोड स्थित विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर पद्म विभूषण डॉ0 कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन, प्रसिद्ध भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक मुख्य अतिथि होंगे, श्री योगेन्द्र उपाध्याय, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश तथा श्रीमती रजनी तिवारी, माननीय राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि होंगे एवं माननीया श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश / कुलाधिपति महोदया, लखनऊ विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगी। कुलपति जी, कार्य परिषद् के समस्त सम्मानित सदस्यगण व विद्यापरिषद् के समस्त सम्मानित सदस्यगण एवं सभी संकायों के सम्मानित संकायाध्यक्ष शैक्षणिक शोभा यात्रा के सहभागी होंगे।

विश्वविद्यालय द्वारा अंगवस्त्र / परिधान उपलब्ध कराया जायेगा। अतः आपसे सादर अनुरोध है कि शैक्षणिक शोभा यात्रा के लिए परिधान को दिनांक 19.01.2023 या 20.01.2023 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर, कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष से प्राप्त करने की कृपा करें। शैक्षणिक परिधान को दीक्षान्त समारोह के समाप्त होने के पश्चात उक्त कक्ष में ही वापस कराया जाना अपेक्षित है।

दिनांक 21 जनवरी, 2023 को पूर्वान्ह 10.30 बजे होने वाले दीक्षान्त समारोह में आप सादर आमंत्रित है। साथ ही यह भी सादर अनुरोध है कि दिनांक 20 जनवरी, 2023 को पूर्वान्ह 11.00 बजे विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास में भी उपस्थित होने का कष्ट करें। दिनांक 21.01.2023 को 10.00 बजे तक कृपया दीक्षान्त समारोह स्थल पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

शैक्षणिक यात्रा निम्नवत होगी :–
कुलसचिव
विद्या परिषद् के सदस्य
कार्य परिषद् के सदस्य
कुलपति
डॉ0 कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन
कुलाधिपति

दीक्षान्त समारोह समाप्त होने के पश्चात शैक्षणिक यात्रा का परिधान कक्ष की ओर वापसी हेतु प्रस्थान (आगमन क्रम के विपरीत) होगा।

दिनांक 20.01.2023 को दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास के दौरान संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक आवश्यकतानुसार कक्षाएं स्थगित करने का निर्णय अपने स्तर से लेंगे। दिनांक 21.01.2023 को दीक्षान्त समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय में सभी कक्षाएं स्थगित रहेंगी। दिनांक 20.01.2023 तथा 21.01.2023 को बायोमैट्रिक उपस्थिति से छूट रहेगी।

भवदीय,

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संजय मेधावी
कुलसचिव
Sanjay Medhavi
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)
Lucknow-226007 (U.P.) India

Ref.........................

Date.........................

संख्या QA-1585-35 दिनांक 19/1/23

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. मुख्य अधिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. समस्त अधिरक्षक / अधिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. ओ0एस0डी0, आई0 एम0एस0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
10. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
11. समस्त सहायक कुल सचिव लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
12. समस्त कार्यालय अधीक्षक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
13. इन्चार्ज वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर प्रदर्शित करने एव समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।

19-1-23
कुलसचिव